UP Board Solutions for Class 8 Science Chapter 7 जन्तुओं में जनन

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न 1.
निम्नलिखित के सही विकल्प चुनकर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखिए
उत्तर
(क) जन्तुओं में निरन्तरता के लिए आवश्यक है
(अ) पाचन
(ब) श्वसन
(स) प्रजनन ✓
(द) उत्सर्जन

(ख) बाह्य निषेचन होता है
(अ) मेढक ✓
(ब) गाय
(स) मनुष्य
(द) बकरी

(ग) लैंगिक प्रजनन में भाग लेते हैं
(अ) दो नर जन्तु
(ब) एक नर एवं एक मादा जन्तु ✓
(स) दो मादा जन्तु
(द) इनमें से कोई नहीं

(घ) आंतरिक निषेचन होता है
(अ) नर शरीर के बाहर
(ब) मादा शरीर के बाहर
(स) नर शरीर के अन्दर
(द) मादा शरीर के अन्दर ✓

(ङ) मादा जननांग है
(अ) वृषण
(ब) गर्भाशय ✓
(स) शिश्न
(द) शुक्रवाहिनी

प्रश्न 2.
सत्य कथन के सामने सही (✓) तथा असत्य कथन के सामने गलत (X) का चिह्न लगाइये
उत्तर

(क) अमीबा मुकुलन द्वारा प्रजनन करता है। (X)
(ख) मेढक में बाह्यनिषेचन होता है। (✓)
(ग) अलैंगिक प्रजनन की क्रिया में निषेचन होता है। (X)
(घ) शुक्राणु एक युग्मक है। (✓)
(ङ) अण्डाशय से शुक्राणु निकलते हैं। (X)

प्रश्न 3.
स्तम्भ 'क' को स्तम्भ 'ख' से मिलान कर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखिए।
उत्तर



प्रश्न 4.
द्विलिंगी किसे कहते हैं। उदाहरण सहित समझाइए।
उत्तर
जिन जन्तुओं को नर एवं मादा जनन अंग एक ही जन्तु में पाये जाते हैं, द्विलिंगी कहलाते हैं। उदाहरण केंचुआ, जोंक आदि।

प्रश्न 5.
प्रजनन से क्या समझते हैं?
उत्तर
जन्तुओं में अपनी ही जाति की निरंतरता बनाये रखने की क्रिया को प्रजनन कहते हैं।

प्रश्न 6.
लैंगिक प्रजनन तथा अलैंगिक प्रजनन में अन्तर समझाइए?
उत्तर
लैंगिक प्रजनन अलैंगिक प्रजनन में निम्नलिखित अन्तर है-

https://www.evidyarthi.in/

क्र०स०	लैंगिक प्रजनन	अलैंगिक प्रजनन
1.	लैंगिक प्रजनन के लिये नर एवं मादा का होना आवश्यक है।	इसमें नर एवं मादा की कोई आवश्यकता नहीं होती।
2.	ये दो प्रकार के होते हैं– एकलिंगी एवं द्विलिंगी।	ये तीन प्रकार के होते हैं– 1. मुकुलन 2. बहुविभाजन, 3. द्विखण्डन

प्रश्न 7.
आन्तरिक निषेचन किसे कहते हैं?
उत्तर
जो निषेचन क्रिया मादा शरीर के अन्दर होती है उसे आन्तरिक निषेचन कहते हैं।
उदाहरण- बैल, बकरी, मनुष्य आदि।

प्रश्न 8.
अण्डयुज को उदाहरण सहित समझाइए।
उत्तर
अण्डयुज- अण्डे देने वाले जन्तुओं को अण्डयुज कहते हैं। उदाहरण-: कबूतर, मुर्गी आदि।

प्रश्न 9.
बाह्य निषेचन किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।
उत्तर
शरीर के बाहर होने वाला निषेचन बाह्य निषेचन कहलाता है। उदाहरण- मछली, मेढक आदि।

प्रश्न 10.
मादा के किस जनन अंग में भ्रूण का रोपण होता है?
उत्तर
मादा के गर्भाशय में भ्रूण को रोपन होता है।